# विधानसभा सदन में गुंजा कमल विहार का मुद्दा

**रायपुर** | आरएनएस



विधानसभा सत्र के चौथे दिन कमल विहार का मामला उठा. पूर्व मंत्री और भाजपा विधायक राजेश मूणत ने लैंड यूज बदले बिना टेंडर निकालने का मामला उठाया. आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी ने बताया कि 2021 के मास्टरप्लान में सिटी पार्क को बाद के मास्टरप्लान में आमोद-प्रमोद कर दिया गया था. भाजपा विधायक राजेश मूणत के सवाल पर आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि 2021 के मास्टरप्लान में सिटी पार्क लैंड यूज था. टाउन प्लानिंग स्कीम के स्वीकृत प्लान के मुताबिक़ पार्क स्वीकृत किया गया था. इससे 40 लाख रुपये फंड रेसिंग का भी प्रावधान था।

2021 के मास्टरप्लान में सिटी पार्क था. इसके बाद के मास्टरप्लान में आमोद-प्रमोद कर दिया गया. बेस प्राइज़ से ज़्यादा दर पर जी कृपा नाम के फर्म ने 72 करोड़ रुपये में बीड किया था. लैंड यूस फर्म को करना था, लेकिन उसने आरडीए से किए जाने की मांग को लेकर कमर्शियल कोर्ट में चला गया. यह मामला आर्बिट्रेशन में चल रहा है. राजेश मूणत ने कहा कि रिक्रियेशनल पार्क बनाने टेंडर निकाल लिया. पिछली सरकार के मंत्री ने फाइल अपने पास रख ली थी. रिक्रियेशनल पार्क के नाम पर मैरिज पैलेस नहीं बनाया जा सकता. कमल विहार में माता कौशल्या नाम की तख़्ती लगा दी गई. आज कमल विहार अंधेरे में डूबा है. आरडीए को टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग से नये सिरे से लैड यूज चेंज करना होता है. बग़ैर ले आउट चेंज किए टेंडर कैसे कर दिया गया?

राजेश मूणत ने कहा कि टेंडर की शर्तों में लिखा है कि लैंड यूज बदलना बिडर की जिम्मेदारी है. आश्चर्य की बात है कि बगैर लैंड यूज बदले टेंडर निकल गया. क्या इसकी जांच कराकर दोषी व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई होगी? मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि वर्तमान मास्टर प्लान के आधार पर ये टेंडर निकाला गया था. विधायक सुशांत शुक्ला ने चर्चा में शामिल होते बेलतरा विधासभा के पंजीयन कार्यालय में रजिस्ट्री हेतु आवेदन का मुद्दा उठाया. उन्होंने सवाल किया कि कितने आवेदनों का निराकरण हुआ?, कितने बाकी है? भूमि का असत्यापन नाकर खुली भूमि बताया जाता है, इससे निराकरण की क्या व्यवस्था है?

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बताया कि इनको रोकने में पंजीयन में सुधार की प्रक्रिया जारी है, पिछले 7 महीने में विभागीय सतर्कता प्रकोष्ठ का गठन किया गया है, जो सारे विशेष केस देखेगी. सुशांत शुक्ला ने कहा कि प्रश्न का जवाब अपूर्ण है, शिकायत का क्या प्रावधान है. ओपी चौधरी ने बताया कि शिकायत जिला स्तर पर होती है, उसमें निराकरण अच्छी तरह से नहीं हो पाता, इसलिए उच्च स्तरीय तरीके से कमेटी गठित की गई है, जो अच्छी तरह से इसका निराकरण करेगी. हमारे पास जो जानकारी आई है, उसमें अभी तक कोई शिकायत नहीं आई है. पार्टी बंधित खसरों में कोई गड़बड़ी हुई होगी तो तत्काल कार्यवाही की जाएगी.

मंत्री ने कहा कि कोटवार भूमि शासन की ही भूमि होती है. पहले बहुत से प्रकरण में अब जमीनों को बेच दिया गया था, लेकिन अब ऐसा कोई केस हुआ है वह किस स्तर पर है उसे देख कर कार्यवाही को जाएगी. विधायक राजेश मूणत ने सवाल किया कि राजिस्ट्री बढ़ा दी गई है, और चेक और ड्राफ्ट पेमेंट क्यों नहीं लिया जा रहा है. कैश पेमेंट क्यों ही रहा इसका परीक्षण कराया जाए? ओपी चौधरी ने बताया कि रजिस्ट्री नहीं बढ़ाई गई है. गाइडलाइन रेट नहीं बढ़ा है. इसका प्रभाव केवल बिल्डरों पर ही नही बल्कि किसानों पर भी पड़ता है. गाइड लाइन रेट जब काम होता है तो लोअर मिडिल क्लास के लोगों को लोन नहीं मिल पाता है. राजेश मूणत ने इस पर सवाल किया कि रजिस्ट्री शुल्क कैश में क्यों जमा हो रही है, इसे दिखवा ले. सुशांत शुक्ला ने कहा कि वेरिफिकेश का प्रावधान नहीं है. नगरीय निकाय राजस्व का कोई संयुक्त कार्य नहीं है. क्या ऐसी कोई प्रणाली आने वाले समय में स्थापित की जाएगी, जिसमें आने वाले समय में परेशानी न हो? चौधरी ने कहा कि अगर कोई कैश पेमेंट करता है, तो वह पूरा रजिस्टर होता है. आने वाले समय में हम पूरा काम कैश लेस और पेपर लेस करने की ओर प्रयासरत हैं. ओपी चौधरी ने कहा कि हम बहुत सारे मेजर रिफॉम्र्स कर रहे हैं. अंबिकापुर के विषय पर कहा 15 नायब तहसीलदार को पोस्ट किया गया, ताकि कार्य अच्छे से हो. टेक्नोलॉजी की वजह से टुकड़े की जमीन नहीं बिक पाएगी. कहीं गड़बड़ी की शिकायत हो हम तत्काल समाधान कराएंगे. राज्य स्तर पर जांच टीम गठित की जाएगी, और इसे बेलतारा भेजा जाएगा.

## महत्वपूर्ण एवं खास

### सारबिला कैरियर अकादमी में अध्यापन के लिए 30 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित

#### अंशकालीन अध्यापक हेतु सेजेस सारंगढ़ में 31 जुलाई को होगा साक्षात्कार

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** जिला प्रशासन सारंगढ़ बिलाईगढ़ द्वारा सारबिला कैरियर अकादमी निःशुल्क कोचिंग विगत वर्ष से संचालित है, जिसमें सीजी पीएससी, बैंकिंग, एसएससी, व्यापमं सहित नीट, जेईई, एआईईईई, पीईटी सहित समस्त प्रतियोगी परीक्षा के अध्यापन व्यवस्था हेतु अंशकालीन अध्यापकों के चयन हेतु अनुभवी इच्छुक व्यक्तियों से 30 जुलाई 2024 को शाम 5 बजे तक कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी खेलभांठा सारंगढ़ में आवेदन आमंत्रित है। आवेदक साक्षात्कार हेतु स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल (सेजेस) सारंगढ़ में 31 जुलाई 2024 को सुबह 11 बजे से 3 बजे तक अपने समस्त प्रमाण पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज के साथ उपस्थित हों। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

### इन स्थानों में 26 जुलाई को होगा आधार, आयुष्मान, श्रम और पीएम विश्वकर्मा का पंजीयन शिविर

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** जिले में 26 जुलाई शुक्रवार को आधार कार्ड अपडेट, आयुष्मान, श्रम और प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का पंजीयन शिविर जिला स्तर पर गांव बोरिदा और नवापारा में होगा। सारंगढ़ क्षेत्र के बटाउपाली, मल्दा,बरदुला, अमलीपाली अ, बुदेली, सारंगढ़ के वार्ड 01 में और बरमकेला क्षेत्र के बड़े नवापारा, खैरगढ़ी, डूमरसिंहा, कनकीडीपा, खरवानी वार्ड 5, साल्हेओना, डोंगरीपाली, गौरडीह, रिसोरा, संडा, पोरथ में शिविर आयोजित होगा। इसी प्रकार बिलाईगढ़ क्षेत्र के ग्राम बांसउरकुली, जामनार, करियाटार, मौहाडीह, बिलासपुर, परसाडीह, किसदा, मलुहा, गिरसा और अमोदी में शिविर आयोजित होगा। इन सभी कार्यों के लिए शासन द्वारा निर्धारित शुल्क का भुगतान हितग्राहियों से किया जाएगा।

### 63 लाख 43 हजार रुपए से किया गया लाभान्वित

**महासमुंद (आरएनएस)।** श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों के लिए कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। जिले के श्रम कल्याण अधिकारी निशांत श्रीवास्तव ने बताया कि छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं से जिले के पंजीकृत हितग्राहियों को योजनावार राशि से लाभान्वित किया गया है। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में माह जून 2024 तक 1896 हितग्राहियों को विभिन्न योजनांतर्गत 63 लाख 43 हजार रूपए से लाभान्वित किया गया है। इसमें मिनीमाता महतारी जतन योजना अंतर्गत 127 हितग्राहियों को 25 लाख 40 हजार रुपए, मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति सहायता योजना अंतर्गत 938 हितग्राहियों को 20 लाख 72 हजार रुपए, मुख्यमंत्री श्रमिक सियान सहायता योजना के 20 हितग्राही को चार लाख रुपए, मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा प्रोत्साहन सहायता योजना अंतर्गत एक हितग्राही को दो लाख रुपए एवं निर्माण श्रमिकों के बच्चों हेतु निःशुल्क गणवेश एवं पुस्तक कॉपी हेतु सहायता योजना से 810 हितग्राहियों को 11 लाख 31 हजार रुपए से लाभान्वित किया गया है।

### तीन महिला सहित पांच नक्सली गिरफ्तार

**बीजापुर (आरएनएस)।** डीआरजी बीजापुर और थाना गंगालूर व फरसेगढ़ की टीम ने तीन महिला नक्स्ली के साथ 5 नक्सलियों को पकड़ा है तथा उनके पास से विस्फोटक सहित नक्सल साम्रागी जब्त की है। बता दें कि बीजापुर जिले में माओवादी विरोधी अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत गुरूवार को डीआरजी बीजापुर और थाना गंगालूर व फरसेगढ़ की टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए पुसनार व सागमेटा से 5 माओवादियों को विस्फोटक के साथ पकड़ा है। टीम ने माओवादियों के कब्जे से टिफिन बम, जिलेटिन स्टीक, माओवादी पर्चे, इलेक्ट्रिक,फ्यूज वायर आदि जब्त किए गए।

# जुआ रेड: मदनपुर खरसिया में पुलिस की जुआ रेड कार्यवाई : 14 जुआरियों से 57,150 रुपए जब्त, आरोपियों पर जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्यवाई

**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल द्वारा सभी थानाक्षेत्र अंतर्गत अवैध शराब, जुआ-सट्टा, कबाड़ पर प्रतिबंध लगाने के सख्त निर्देश दिए हैं जिसके परिपालन में खरसिया व धरमजयगढ़ अनुविभाग में रामगोपाल करियारे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रायगढ़-ग्रामीण के मार्गदर्शन में थाना, चौकी प्रभारीगण अवैध गतिविधियों पर निगाह रखकर कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में कल दिनांक 25/07/2024 को मदनपुर बिजली ऑफिस के पास जुआरियों द्वारा 52 पत्ती ताश से जुआ खेलने की सूचना पर थाना प्रभारी खरसिया निरीक्षक कुमार गौरव साहू के नेतृत्व में थाना खरसिया और चौकी खरसिया की टीम बनाकर मुखबीर के बताए स्थान की घेराबंदी कर पुलिस टीम द्वारा जुआ रेड कार्यवाही किया गया। पुलिस टीम ने मदनपुर बिजली ऑफिस के पास अक्षत फैंसी स्टोर के सामने 02 जुआ फड पर खेल रहे 14 जुआरियान को पकड़ा। आरोपियों के पास से पुलिस ने रु.57,150 की जप्ती की है। आरोपियों पर चौकी खरसिया (थाना खरसिया) में छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत कार्यवाही किया गया है। खरसिया पुलिस जुआ पर अंकुश लगाने लगातार कार्यवाही कर रही है, पुलिस की जुआ-सट्टा, अवैध शराब और कबाड़ पर आगे भी कार्यवाही जारी रहेगी। जुआ रेड कार्रवाई में थाना प्रभारी खरसिया निरीक्षक कुमार गौरव साहू, चौकी प्रभारी खरसिया उप निरीक्षक संजय नाग एवं थाना खरसिया व चौकी स्टाफ की विशेष भूमिका रही है।

जुआ फड़ पर पकड़े गए जुआरियन-

(1) राम नारायण यादव पिता रमेश यादव 25 वर्ष मदनपुर गरोडी मोहल्ला चौकी खरसिया (2) सुनील विश्वकर्मा पिता सुरमत विश्वकर्मा 40 साल हमला पारा खरसिया (3) तनिश अग्रवाल पिता सुभाष अग्रवाल 26 साल मदनपुर बस्ती खरसिया (4) करन चौहान पिता जयराम चौहान 30 वर्ष मदनपुर बस्ती चौकी खरसिया (5) मुकुल विश्वकर्मा पिता राम किशन विश्वकर्मा19 साल मदनुपर बैरियर चौंक खरसिया (6) संतोष चौहान पिता छोटेलाल चौहान उम्र 40 साल निवासी मदनपुर गरोडी मोहल्ला चौकी खरसिया (7) अमर सिंह डनसेना पिता बरातु राम उम्र 32 साल निवासी बांसमुडा थाना खरसिया (8) उमेश चौहान पिता धनराम चौहान उम्र 27 साल निवासी मदनपुर चौकी खरसिया (9) पवन गुप्ता पिता सीताराम गुप्ता उम्र 39 साल निवासी छोटे देवगांव थाना खरसिया (10) सूरज गुप्ता पिता दिलीप गुप्ता उम्र 29 साल निवासी छोटे देवगांव थाना खरसिया (11) तरुण गुप्ता पिता हरिश्चंद्र गुप्ता उम्र 25 साल निवासी छोटे देवगांव थाना खरसिया (12) जयप्रकाश महंत पिता रामेश्वर दास महंत उम्र 33 साल निवासी राजघट्टा थाना खरसिया (13) आशीष खड़िया पिता गोपाल खड़िया उम्र 19 साल निवासी राजघट्टा थाना खरसिया (14) संतोष निषाद पिता रूप नारायण निषाद उम्र 33 साल निवासी मदनपुर बस्ती चौकी खरसिया

# मुख्यमंत्री साय से रॉयल किड्स कॉन्वेंट स्कूल के विद्यार्थियों ने विधानसभा में की मुलाकात

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से रॉयल किड्स कॉन्वेंट स्कूल के छात्रों ने मुलाकात की। राजनांदगांव से आए रॉयल किड्स कॉन्वेंट के कक्षा 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों ने आज विधानसभा परिसर का भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री अरुण साव और नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत से भी मुलाकात की। रॉयल किड्स कॉन्वेंट स्कूल के विद्यार्थियों ने पहली बार विधानसभा की कार्यवाही को प्रत्यक्ष रूप से देखा। विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष से मुलाकात के दौरान जिज्ञासा वश कई महत्वपूर्ण प्रश्न पूछे और विधानसभा की कार्यप्रणाली के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। विद्यार्थियों ने इस अनुभव को अत्यंत ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक बताया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छात्रों को अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी का राजनीति और सरकारी कार्यप्रणाली के प्रति जागरूक होना बहुत आवश्यक है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने विद्यार्थियों को विधानसभा की कार्यवाही और उसकी भूमिका के बारे में विस्तृत जानकारी दी। वहीं, नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत ने विद्यार्थियों को राजनीति में नैतिकता और ईमानदारी के महत्व पर बल दिया। यह भम्रण विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक यात्रा साबित हुआ, जिसमें उन्होंने न केवल विधानसभा की कार्यवाही को देखा, बल्कि प्रदेश के प्रमुख नेताओं से भी बातचीत करने का अवसर पाया।

# शातिर बाइक चोर गिरफ्तार,14 मोटरसाइकिल बरामद

**रायपुर** | आरएनएस

शहर के अगल-अगल थाना क्षेत्रों में वाहन चोरी करने वाले शातिर चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 14 नग दोपहिया वाहन जब्त किए गए हैं। राजेंद्र नगर थानापुलिस ने आरोपितों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

राजेंद्र नगर थाने में प्रार्थिया निशा नत्थानी ने शिकायत दर्ज करवाई कि वह चार जुलाई को स्कूटी से अपने नत्थानी बुटिक महावीर नगर गई थी। जहां किसी अज्ञात चोर द्वारा आवेदिका की स्कूटी को चोरी कर ले गया। पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। विवेचना के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि मंगलवार को कोई व्यक्ति फल मंडी के पीछे सस्ते दाम में मोटर साइकिल बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहा है। सूचना पर मौके में जाकर पुलिस दो को पकड़ कर पूछताछ की। पूछने पर अपना नाम टोपेश्वर साहू उर्फ संजू निवासी अवंति विहार थाना खमहारडीह रायपुर और जितेंद्र निषाद निवासी बीएसयूपी कालोनी थाना तेलीबांधा जिला रायपुर का होना बताया। दोनों आरोपित विगत 5-6 महीनों से साथ मिलकर न्यू राजेंद्र नगर क्षेत्र, बुढ़ातालाब रायपुर, मोवा पंडरी कपड़ा मार्केट, कटोरा तालाब, रामसागरपारा, अवंति विहार जगन्नाथ मंदिर पास व अन्य जगहों से अपने पास रखे मास्टर चाबी से वाहन चोरी करते थे। आरोपितों ने एक्टिवा, जुपिटर, एक्सेस, पल्सर, हीरो-होंडा स्प्लेंडर, होंडा साइन को चोरी करना स्वीकार किए हैं। जानकारी के अनुसार चोरी के वाहन को वारदात के बाद सुरक्षित स्थान में छिपा देते थे।

# पुरानी पेंशन योजना 1 नवंबर 2004 से बहाल की गई -चौधरी

**रायपुर** | आरएनएस

पुरानी पेंशन योजना में पूर्व सेवा गणना को लेकर वित्त मंत्री ने विधानसभा सत्र के चौथे दिन सदन में पूछे गये प्रश्न का जवाब देते हुए कहा कि पुरानी पेंशन योजना में पूर्व सेवा गणना को लेकर उन्होंने साफ कर दिया है कि पेंशन के निर्धारण के लिए पूर्व सेवा गणना कब से की जायेगी। इससे पहले विधानसभा में आज पुरानी पेंशन योजना का मुद्दा एक बार फिर उठा। कांग्रेस विधायक उमेश पटेल ने पूछा कि प्रदेश सरकार द्वारा शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए एन.पी.एस. के स्थान पर ओ.पी.एस. पेंशन योजना कब से प्रारंभ की गई है? ओ.पी.एस. पेंशन हेतु क्या प्रावधान किया गया है? कितनी राशि केन्द्र सरकार से राज्य सरकार को प्राप्त होनी है? उमेश पटेल ने ये भी जानना चाहा कि प्रश्नांकित दिनांक तक सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी-कर्मचारी की पेंशन की गणना किस योजना के तहत की जा रही है? यदि ओ.पी.एस. योजना के तहत गणना की जा रही है तो कौन से तिथि से गणना की जा रही है? उमेश पटेल ने सवार उठाया कि वर्तमान में 2005 से पूर्व नियुक्त एवं ओ.पी.एस. लागू होने के पश्चात् ऐसे कर्मचारी, जिनको 2018 में शासकीय सेवक माना गया है, ऐसे कर्मचारियों को ओ.पी.एस. लागू होने के बाद सेवानिवृत्ति पर पेंशन की गणना कब से की जा रही है? कुछ शासकीय कर्मचारी ऐसे हैं, जो विकल्प फार्म में भरते समय किसी कारण से एन.पी.एस. भर दिये हैं, परंतु ओ.पी.एस. योजना का लाभ लेना चाहते हैं, ऐसे कर्मचारियों के लिए क्या कार्ययोजना है?

जवाब में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन, वित्त विभाग की अधिसूचना दिनांक 11 मई 2022 द्वारा शासकीय अधिकारी/कर्मचारी के लिए एन.पी.एस. के स्थान पर पुरानी पेंशन योजना दिनांक 01.11.2004 से बहाल किया गया है। छत्तीसगढ़ शासन, वित्त विभाग की अधिसूचना दिनांक 11 मई 2022 एवं अधिसूचना दिनांक 20 जनवरी 2023 द्वारा ओपीएस पेंशन हेतु प्रावधान किये गये है। पी.एफ.आर.डी.ए. से कुल राशि रूपये 20160 करोड़ राज्य सरकार को प्राप्त होना है। मंत्री ने बताया कि पुरानी पेंशन योजना के विकल्प का चयन करने वाले सेवानिवृत्त अधिकारी/कर्मचारियों की पेंशन की गणना छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 1976/छत्तीसगढ़ (कार्यभारित तथा आकस्मिकता से वेतन पाने वाले कर्मचारी) पेंशन नियम, 1979 अनुसार तथा एन.पी.एस. चयन करने वाले सेवानिवृत्त कर्मचारियों का एन.पी.एस. योजना के प्रावधान अनुसार होता है। पेंशन योग्य नियमित शासकीय स्थापना में पदग्रहण तिथि से गणना की जा रही है।

# आरबीआई से सरिया में अपेक्स बैंक की शाखा खोलने का मिला लाइसेंस

- सरिया में अपेक्स बैंक की शाखा खुलने से किसानों की सहूलियत में बढ़ोत्तरी होगी
- जिले के सुदूर गांवों तक बिछा है बैंकों का नेटवर्क

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**

अपेक्स बैंक की ध्येय वाक्य ''सहकार में समृद्धि'' को आगे बढ़ाते हुए आगामी दिनों में जिले के सरिया में अपेक्स बैंक की शाखा खोली जाएगी। इससे किसानों की सहूलियत में बढ़ोत्तरी होगी। भारतीय रिजर्व बैंक की रायपुर क्षेत्रीय कार्यालय ने छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित (अपेक्स बैंक) को सरिया में शाखा खोलने के लिए लाइसेंस (25/2024) देकर अनुमति दिया है। वर्तमान में भी किसानों की सहूलियत के लिए बहुत सारे बैंक उपलब्ध हैं, जो सुविधाएं दे रहे हैं। जिले में संचालित बैंकों की अनगिनत शाखाओं में अपेक्स बैंक अंतर्गत किसान अपने-अपने निवास के नजदीकी बैंक में धान बिक्री के रूपए और बोनस आदि का ट्रांसफर करते हैं। साथ ही साथ अपेक्स बैंक किसानों को एटीएम कार्ड भी उपलब्ध कराती है, जिससे वे अपने नजदीकी बैंक से रूपए निकाल (आहरण) सकते हैं।

**जिले में बैकों की शाखाएं-** सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में बैंकों की शाखाओं सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्थापित हैं। बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बिलाईगढ़ शहर में बैंक ऑफ बड़ौदा, एसबीआई, एचडीएफसी, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक की शाखा है। भटगांव में एसबीआई, जिला सहकारी केन्द्रीय मर्यादित बैंक, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक की शाखा है। इसी प्रकार सरसींवा में जिला सहकारी केन्द्रीय मर्यादित बैंक और छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक की शाखा है। ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत गाताडीह, पवनी, पेन्ड्रावन में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक की शाखा है। गाताडीह में एसबीआई और पेन्ड्रावन में इंडियन बैंक की शाखा है।

सारंगढ़ शहर में एसबीआई की 2 शाखा, बैंक ऑफ बड़ौदा, केनरा, एचडीएफसी, सेंट्रल बैंक, आईसीआईसीआई, आईडीएफसी, एक्सिस, अपेक्स, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, बैंक ऑर इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक के साथ साथ स्माल फाइनेंस बैंक इसाफ, सर्वोदय और बंधन बैंक की शाखा है। सारंगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक की शाखाएं भेड़वन, छिंद, नवरंगपुर, सालर, उलखर में है। कोसीर में सेन्ट्रल बैंक की शाखा भी संचालित है।


SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU


# ठगी से बचने के लिए वाट्सअप में आए "पीएम किसान डॉट एपीके" को ओपन नहीं करें

- प्ले स्टोर में सही एप्प है PMKISAN GoI पीएमकिसान जीओआई

**सारंगढ़-बिलाईगढ़**

वाट्सअप में पीएम किसान के नाम से ठगी करने वाला लोगों को वाट्सअप में लिंक भेजने लगा है जिससे वह ठगी कर सके। रोज-रोज ठगों ने मोबाइल से ठगने के नये पैतरा अजमाकर समाज के सभी वर्गों, किसानों, महिलाओं, बच्चों सभी को परेशान कर रखा है। ताजा मामला ''पीएम किशान' डॉट एपीके का है। अनजान व्यक्ति द्वारा किसी भी मोबाइल धारक के व्हाटसअप में पीएम किसान (PM KISHAN. apk) को खोलने पर चेतावनी है कि यह एप्लीकेशन फाइल मोबाइल के डाटा के लिए असुरक्षित है। इस फाइल को खोलने या इंस्टाल करने से पूर्व भेजने वाले पर विश्वास होना चाहिए। यह विभिन्न मीडिया ग्रुप में और ठग के द्वारा शेयर किया जा रहा है। एडमिन के द्वारा किसी भी ग्रुप में ऐसे व्यक्ति को चिन्हांकित कर भी हटाया जा सकता है ताकि इनके झांसे में आकर किसी भावी भविष्य में जरूरी कार्यों के लिए रखे उनके बैंक खाता में जमा राशि की सुरक्षा की जा सके।

**सावधानी**

किसी भी एप्प यदि मोबाइल में दिखता है तो सबसे पहले प्ले स्टोर में उस एप्प को जांच करें और देखें कि मोबाइल में आए इस एप्प और प्ले स्टोर के एप्प में अंग्रेजी के अक्षरों में क्या अन्तर है जैसे इस फर्जी पीएम किसान में PM KISHAN है (पीएम स्पेस किशान) जबकि प्ले स्टोर में पीएमकिसान जीओआई PMKISAN GoI है। इस प्रकार सूक्ष्म एक अक्षर, स्पेस, डॉट आदि से ठगी करने वाले टेक्निकल शातिर ठगों के झांसे में लोग ठगी का शिकार हो जाते हैं।

**ठगी से बचने के बैंक खाता से जुड़े मोबाइल नंबर का उपयोग सावधानी से करें**

किसी भी ठगी से बचने का बेस्ट उपाय ''किसी भी व्यक्ति के बैंक खाता से जुड़े मोबाइल नंबर का उपयोग किसी भी एप्प को इंस्टाल करने और ओटीपी के लिए नहीं करना चाहिए। उदाहरण- यदि कोई व्यक्ति ऐसे ठगी करने वाले फर्जी एप्प को उस मोबाइल नंबर जो बैंक खाता से नहीं जुड़ा है उससे इंस्टाल करेगा तो ठग उसके बैंक खाता तक पहुंच ही नहीं पाएगा और ठगी से बच सकते हैं।

यदि कोई व्यक्ति दो मोबाइल नंबर का उपयोग करता है तो जब तक जरूरी नहीं हो तब तक बैंक खाता से जुड़े मोबाइल का उपयोग इंटरनेट चलाने के लिए नहीं करें। मोबाइल डाटा आदि सामान्य मोबाइल नंबर से करें। खास बात यह है कि ऐसे मोबाइल धारक जो इंटरनेट नहीं चलाते उनके मोबाइल में ये मैसेज नहीं आते और वो सुरक्षित हैं। ऐसे इंटरनेट से व्हाटसअप, फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि से आने वाले फर्जी मैसेज से। बच्चे सहित किसी भी व्यक्ति को ऐसे मोबाइल का उपयोग करने के लिए देना चाहिए जिस मोबाइल नंबर से व्यक्ति का बैंक खाता नही जुड़ा है। इससे रिश्ते में मोबाइल के उपयोग के लिए व्यावहारिकता भी निभ जाएगा और ठगी होने के चांस भी कम होंगे। अक्सर देखा जाता है कि कब न जाने कौन आदमी मोबाइल मांगकर किस मोबाइल नंबर पर पैसा ट्रांसफर के लिए ओटीपी दे दे।